भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 320

सोमवार, 5 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बांधों के आस-पास पर्यटन को बढ़ावा देना

320. श्री पशुपति नाथ सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बांधों के आस-पास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है अथवा कार्य करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) धनबाद संसदीय क्षेत्र में स्थित मैथन बांध और पंचेत बांध के आस-पास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रमुख बाधों सहित पर्यटन गंतव्यों का समग्र रूप से संवर्धन करता है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए झारखंड राज्य को 36.79 करोड़ रु. की राशि स्वीकृत की है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत झारखंड राज्य को पर्यटन अवसंरचना के विकास और संवर्धन हेतु 30.44 करोड़ रुपये राज्य सरकार के प्रयासों को सम्पूरित करने के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए झारखंड में 'चांदिल' को चिह्नित किया है।

****